# महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ

## सत्र 2025-26

## प्रथम बैठक

कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की सत्र 2025-26 की प्रथम त्रैमासिक बैठक दिनांक 25 नवंबर 2025 को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अनीता रानी राठौर की अध्यक्षता में ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुई। उक्त बैठक में सर्वप्रथम प्राचार्य महोदया ने बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उन्हें बैठक के समस्त उद्देश्यों से भली भांति अवगत कराया। तत्पश्चात प्रकोष्ठ प्रभारी प्रोफेसर दीप्ति वाजपेई ने सदन के सम्मुख विगत बैठक में तय किए गए लक्ष्यों एवं कार्यक्रमों के सापेक्ष किए गए कार्यों की एक्शन टेकन रिपोर्ट पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की। इस क्रम में उन्होंने विगत तीन माह में किए गए कार्यों यथा- नैक क्राइटेरिया कार्यशाला, मेधा फाउंडेशन द्वारा आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम, HCL द्वारा आयोजित 'अर्ली करियर प्रोग्राम' नामक सफल संगोष्ठी, महिंद्रा और नंदी फाउंडेशन द्वारा आयोजित रोजगार दक्षता कार्यशाला, छात्राओं हेतु 'स्वारंभ कार्यक्रम' के आयोजन, जिला सेवायोजन विभाग द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव, इनोवेशन काउंसिल द्वारा आयोजित विभिन्न सफल कार्यशालाओं, मैंटर-मेंटी कार्यक्रम को नए कलेवर एवं नियमों के साथ लागू किया जाना, पीएम उषा अनुदान के द्वारा निर्मित हो रहे छात्रावास, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन, महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'ज्ञानाञ्जलि' का प्रकाशन इत्यादि से बैठक में उपस्थित सदस्यों को परिचित कराया। प्रस्तुतीकरण के अगले चरण में प्रोफेसर वाजपेयी ने गत तीन माह की अन्य विशिष्ट उपलब्धियों यथा-गिरिजा देवी कल्चरल क्लब द्वारा आयोजित लोकगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता के सफल आयोजन, महिला छात्रावास के शिलान्यास, हर घर तिरंगा अभियान, एंटी रैगिंग पर आयोजित कार्यशाला, निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता, रैली इत्यादि के आयोजन, स्वतंत्रता दिवस समारोह, संस्कृत महोत्सव, महर्षि वेदव्यास बायो-म्यूजिकोलॉजी लैब का उद्घाटन, शिक्षक दिवस के भव्य आयोजन, राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के आयोजन, एड्स जागरूकता कार्यक्रम, अध्यापकों हेतु रि-स्किल वर्कशॉप, अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के आयोजन, उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो में महाविद्यालय की महती भूमिका, छात्राओं के अभिव्यास कार्यक्रम, महात्मा गांधी एवं शास्त्री जयंती के भव्य आयोजन, विभिन्न प्रसार व्याख्यानों के आयोजन, महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित उद्यमिता मेला, मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित कार्यशाला, युवा संसद के आयोजन, विभिन्न विभागों की छात्राओं हेतु आयोजित फ्रेशर्स पार्टी, इनोवेशन काउंसिल द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, समाजशास्त्र विभाग द्वारा किए गए एम ओ यू, एन.सी.सी. गतिविधियों, बीएड विभाग की होनहार छात्रा सोनी सिंह तथा बी वॉक की छात्राओं द्वारा सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक प्राप्त करना तथा छात्रा रौनक द्वारा विश्वविद्यालय


कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने इत्यादि से सभी को अवगत कराया। इसी क्रम में उन्होंने आगामी तीन महीनों के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ ही सभा में उपस्थित गणमान्य सदस्यों से महाविद्यालय के उन्नयन हेतु सुझावों को भी आमंत्रित किया।

महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर दिव्या नाथ मैम ने विकास की सतत निरंतरता, नए उद्देश्यों के साथ-साथ पुराने कार्यों को जारी रखने पर जोर दिया। उन्होंने आउटरीच कार्यक्रमों के महत्व एवं आवश्यकता पर जोर देते हुए महाविद्यालय को 'उन्नत भारत अभियान' से जोड़ने की बात कही। पुस्तकालय के उन्नयन हेतु 'एनडी अलाइव' क्लब के द्वारा सजीव (लाइव) कक्षाओं को उन्होंने छात्राओं हेतु महत्वपूर्ण बताया। मिहिर भोज कॉलेज के प्राचार्य, प्रोफेसर किशोर कुमार ने करियर, औद्योगिक विचारों और स्टार्टअप्स को छात्राओं हेतु महत्वपूर्ण बताया। एकेडमिक प्रतिनिधि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राजीव नयन ने महाविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति पर संतोष जताते हुए इन कार्यों को महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने पर विशेष जोर दिया। महिंद्रा ट्रैक्टर के पदाधिकारी आदित्य घिल्डीयाल ने महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यो एवं उनके वास्तविक प्रस्तुतीकरण पर खुशी जताई। एकेडमिक प्रतिनिधि पारुल सक्सेना ने कम संसाधनों के बावजूद छात्रों के विकास हेतु महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को क्षेत्र के विकास हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। बिसरख ब्लॉक प्रमुख सोमेंद्र सिंह, अंबुजा सीमेंट के प्रतिनिधि श्री सी पी सिंह, स्पंदन संस्था के सुदेश जी, अपोलो क्लिनिक के प्रतिनिधि तथा नरगिस गुप्ता जी ने महाविद्यालय एवं छात्राओं के उन्नयन हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर छात्रा प्रतिनिधियों एवं अभिभावकों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। तत्पश्चात महाविद्यालय की यशस्वी प्राचार्य, प्रोफेसर अनीता रानी राठौर ने बैठक में अभिव्यक्त समस्त विचारों का समाहार करते हुए नए विचारों का स्वागत किया तथा समस्त प्रतिनिधियों को इन्हें अपनी कार्य योजना में शामिल करने का भरोसा दिया। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस बैठक को अत्यंत सफल एवं महत्वपूर्ण बताया। बैठक के अंत में डॉ नेहा त्रिपाठी ने प्रतिभाग करने वाले समस्त गणमान्य प्रतिनिधियों को अमूल्य सहयोग एवं सुझाव हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चिन प्रकोष्ठ के समस्त सदस्यों प्रोफेसर डी सी शर्मा, प्रोफेसर शिवानी वर्मा, प्रोफेसर नीरज कुमार, प्रोफेसर मीनाक्षी लोहानी, डॉ नेहा त्रिपाठी, डॉ परवेज शमीम एवं डॉ प्रीति बाला शर्मा ने अपने महत्वपूर्ण एवं सराहनीय सहयोग द्वारा बैठक को सफल बनाने का कार्य किया।










**Prof. Anita Rani Rathor**
**Principal**

**Prof. Deepti Bajpai**
**IQAC Convenor**